


दून में गुरुवार को यूपीईएस में कौशल विकास कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. राम शर्मा, फैकल्टी और सेल्सफोर्स के पदाधिकारी।

# एआई से होगा यूपीईएस के छात्रों का कौशल विकास

**देहरादून।** आर्टिफिशल इंटेलिजेंस यूपीईएस के छात्रों का कौशल निखारेगा। इसके लिए यूपीईएस के स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस और एआई आधारित ग्राहक संबंध प्रबंधन प्रणाली सेल्सफोर्स के बीच एमओयू हुआ। साझेदारी के तहत यूपीईएस में विशेष कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह छात्रों को अनुभव प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम फैकल्टी और उद्योग के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस के डीन डा. विजयशेखर चेल्लाबोइना ने कहा कि यह सहयोग अकादमिक शिक्षा में उद्योग की अंतर्दृष्टि को एकीकृत करेगा।